DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

हिमालयी राज्यों में अध्ययन करेंगे दून और पंजाब विवि

राज्य में कौशल विकास और प्रशिक्षण गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

संवाद न्यूज एजेंसी

देहरादून। दून विश्वविद्यालय के साथ मिलकर पंजाब विश्वविद्यालय और आईएसटीडी नई दिल्ली हिमालयी राज्यों में अध्ययन करेंगे।

इसके लिए दून विवि ने पंजाब विवि और आईएसटीडी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। पहले एमओयू पर दून विवि के रजिस्ट्रार डॉ. एमएस मंडरवाल ने आईएसटीडी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीता चौहान के साथ और दूसरे पर पंजाब विवि के रजिस्ट्रार के साथ हस्ताक्षर किए।

आईएसटीडी देश की एक प्रमुख प्रशिक्षण संस्था है, जिसकी स्थापना अप्रैल 1970 में देश में प्रशिक्षण और विकास को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय स्तर की गैर-लाभकारी सोसायटी के रूप में की गई थी। दून विवि की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने कहा, यह समझौता ज्ञापन राज्यभर में कौशल विकास और प्रशिक्षण गतिविधियों को बढ़ावा देने में नए द्वार खोलेगा। दूसरा समझौता ज्ञापन

दून यूनिवर्सिटी में कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने दून विवि और पंजाब विश्वविद्यालय और आईएसटीडी, नई दिल्ली के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। संवाद

दून विश्वविद्यालय ने पंजाब विवि के साथ आईएसटीडी के साथ भी किया एमओयू

डीएसटी-सीपीआर पंजाब विश्वविद्यालय के साथ था, जिसका मुख्य उद्देश्य सहयोग बढ़ाना था। नीति निर्माण के क्षेत्र में और हिमालयी राज्यों में अध्ययन और परियोजनाओं को चलाने के लिए पंजाब विवि ऐसी गतिविधियों का केंद्र होगा, इससे हिमालयी अध्ययन में अनुसंधान में लंबे समय से महसूस की जा रही कमी को पूरा किया जा सकेगा।

News paper – Amar Ujala
Date – 14.02.2024